आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 08.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए बनाई जाएगी समिति–मुख्यमंत्री ने कल रायपुर में हुए समारोह में की घोषणा।

2– छत्तीसगढ़ में ग्यारह जुलाई से शुरू होगा ‘‘एक पेड़ मां के नाम’’ महावृक्षारोपण अभियान–प्रदेशभर में तीन करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाएंगे।

3– कांग्रेस ने बिजली की दर में वृद्धि को लेकर प्रदेशभर में आज किया धरना–प्रदर्शन।

4– प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित।

मुख्यमंत्री–पंचायत सचिव सम्मान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर में पंचायत सचिव संघ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश पंचायत सचिव संघ द्वारा शासकीयकरण की मांग को पूरा किया जाएगा और इसके क्रियान्वयन के लिए कमेटी का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री की घोषणा पर संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का विकास पंचायतों में निहित है और सरकार की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायतों के माध्यम से ही होता है। मुख्यमंत्री ने पंचायत सचिवों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि सभी योजनाओं का सफलतापूर्वक संचालन सचिवों द्वारा किया जाता है।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री और पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग मंत्री विजय शर्मा और महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े भी उपस्थित थी।

शहीद पुलिस सेल–गठन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के पुलिसकर्मियों और उनके परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए शहीद पुलिस सेल का गठन करने के निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों को आवश्यक सहायता और समर्थन प्रदान करना है।

ये शहीद पुलिस सेल प्रत्येक रेंज पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में गठित किए जाएंगे। इसके अध्यक्ष संभाग के पुलिस महानिरीक्षक होंगे। वहीं, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिरीक्षक द्वारा नामांकित उप पुलिस अधीक्षक और निरीक्षक स्तर के अधिकारी इसके सदस्य होंगे। शहीद पुलिस सेल शहीद पुलिसकर्मियों के परिवारजनों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक माह के द्वितीय बुधवार को पुलिस मुख्यालय स्तर पर बैठक आयोजित करेंगे। इस बैठक में परिवारजनों की समस्याओं पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

‘एक पेड़ मां के नाम’’

‘‘एक पेड़ मां के नाम’’ महावृक्षारोपण अभियान के तहत देशभर में सितम्बर माह तक अस्सी करोड़ और मार्च दो हजार पच्चीस तक एक सौ चालीस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में वन विभाग द्वारा वन क्षेत्रों में तीन करोड़ पच्चासी

लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। इस महावृक्षारोपण अभियान की शुरूआत ग्यारह जुलाई को नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। राज्य के सभी जिलों में ग्राम और पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर वृक्षारोपण किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस पर ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान की शुरूआत की थी।

सुप्रीम कोर्ट–नीट सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह–प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर आज सुनवाई की। इनमें नीट–2024 परीक्षा में अनियमितताओं और कदाचार के आरोप तथा नए सिरे से परीक्षा आयोजित करने का निर्देश देने की मांग वाली याचिकाएं भी शामिल है। एक याचिकाकर्ता की ओर से उपस्थित वकील ने न्यायालय से कहा कि यह परीक्षा पेपर लीक, ओ.एम.आर. शीट में गडबडी और नकल के कारण रद्द कर दी जानी चाहिए। जबाव में न्यायालय ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय होना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड ने कहा कि परीक्षा की शुचिता भंग हुई है और परीक्षा दोबारा कराने से पहले पेपर लीक के बारे में जानना जरूरी है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ कुल अड़तीस याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

इससे पहले, शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक हलफनामे में, केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने कहा था कि परीक्षा में अनियमितताओं के किसी भी सबूत के अभाव में परीक्षा दोबारा आयोजित करने की कोई आवश्यकता नहीं है। नई परीक्षा से लाखों वास्तविक उम्मीदवार प्रभावित होंगे।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी सरकारी और निजी संस्थानों के लिए देशभर में नीट यूजी की परीक्षा का आयोजन एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रम के लिए करती है।

''जल शक्ति से नारी शक्ति''

प्रदेश में आज से मातृत्व लाभ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। बारह जुलाई तक चलने वाले इस अभियान के अंतिम दिन ''जल शक्ति से नारी शक्ति'' के तहत जल संरक्षण पर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में महतारी वंदन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को आमंत्रित किया जाएगा। उन्हें जल का महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों की जानकारी, जल स्रोतों के आस–पास सफाई और स्वच्छता का महत्व, साफ–सुथरे शौचालय का उपयोग, और पौधरोपण से जल संरक्षण के विषयों पर जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जल संरक्षण के संबंध में शपथ दिलाई जाएगी।

कांग्रेस–धरना/प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में आज कांग्रेस ने बिजली की दर में वृद्धि को लेकर प्रदेशभर में धरना–प्रदर्शन किया। राजधानी रायपुर के राजीव गांधी चौक में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, रायपुर महापौर एजाज़ ढेबर, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे सहित बड़ी संख्या में प्रदेश पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन किया और फिर बाद में बूढ़ापारा बिजली ऑफिस तक पैदल मार्च कर विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

वहीं, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सक्ती जिले के अम्बेडकर चौक में आयोजित धरना–प्रदर्शन में शामिल हुए।

गौरतलब है कि राज्य सरकार ने पिछले दिनों बिजली की दर में आठ प्रतिशत की वृद्धि की है।

<u>प्रयास विद्यालय–परिणाम</u>

आदिम जाति, अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट एकलव्य डॉट सीजी डॉट एनआईसी डॉट इन पर परिणाम देख सकते हैं। परीक्षा परिणाम के संबंध में यदि रोल नंबर अथवा नाम में कोई विसंगति हो तो अभ्यर्थी अपना आवेदन विभाग के ई–मेल पर बारह जुलाई को शाम पांच बजे तक भेज सकते हैं।

<u>उप मुख्यमंत्री–लोकार्पण</u>

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चौदह करोड़ तिहत्तर लाख रुपए के चौरानवे विकास कार्यों का शिलान्यास और भूमिपूजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुशांत शुक्ला ने की। ये विकास कार्य पन्द्रहवें वित्त आयोग, अधोसंरचना मद और निकाय मद के तहत स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री साव और विधायक श्री शुक्ला ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत खेल परिसर में नीम के पौधे भी लगाए।

<u>धान खरीदी–गिरफ्तार</u>

बलरामपुर जिले के भवरमाल धान खरीदी केंद्र में पिछले खरीफ वर्ष में सतहतत्तर लाख रूपए के गबन के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गौरतलब है कि खरीफ वर्ष 2023–24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद ऑडिट के दौरान मामला उजागर हुआ। इसके बाद फूड इंस्पेक्टर ने इसकी शिकायत रामानुजगंज थाने में दर्ज करायी थी, जिस पर पुलिस ने भवरमाल धान खरीदी केंद्र के ग्यारह लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और फरार आरोपियों की पतासाजी कर रही है।

<u>संपूर्णता अभियान</u>

नारायणपुर के अबूझमाड़ इलाके आकाबेड़ा गांव में नीति आयोग द्वारा चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान के तहत आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एक सौ सत्ताईस लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और अड़तीस लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

<u>रानू साहू–जमानत</u>

छत्तीसगढ़ में कथित कोयला घोटाला मामले में गिरफ्तार आईएएस अधिकारी रानू साहू को उच्चतम न्यायालय ने आज अंतरिम जमानत दे दी है। हालांकि राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने आज उनके खिलाफ एक नया मामला दर्ज कर दिया है।

<u>शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता</u>

जगदलपुर में चौबीसवीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत चार से सात जुलाई तक सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बस्तर जोन ओवरऑल चैंपियन रहा। सत्रह वर्ष आयु समूह के बालक और बालिका वर्ग में बस्तर जोन ने पहला और दुर्ग जोन ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, पंद्रह

वर्ष आयु समूह के बालक वर्ग में बस्तर जोन ने पहला और सरगुजा जोन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव ने विजेता और उप–विजेता टीमों सहित उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस प्रतियोगिता में दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर जोन के ढाई सौ से अधिक खिलाड़ी तथा प्रशिक्षक शामिल हुए।

मौसम

प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, दक्षिण छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने, अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका है।

संक्षिप्त समाचार

– सर्वोच्च न्यायलय ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह राज्यों और अन्य हितधारकों के साथ परामर्श करके महिला कर्मचारियों के लिए मासिक धर्म अवकाश पर एक मॉडल नीति तैयार करे।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा ने कल रायपुर रेल मंडल के अभनपुर, सीबीडी और मंदिर हसौद स्टेशन का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि केंद्री से अभनपुर नैरो गैज से ब्रॉड गेज कार्य पूरा होने पर रेल परिचालन किया जाएगा।

– बिलासपुर पुलिस ने करीब छत्तीस लाख रूपए की ठगी के मामले में एक व्यक्ति को उत्तरप्रदेश के प्रयागराज से गिरफ्तार किया है।

– अंबिकापुर–रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर बलरामपुर जिले के सेमरसोत रेस्ट हाउस के सामने एक करोड़ चालीस लाख रूपए लेकर जा रही कैश वैन पलट गई। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। सूचना पर हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस ने रूपयों को दूसरे वाहन से सुरक्षित बैंकों में पहुंचाया।

– कोरिया जिले में पूर्व में आवंटित एजेंसियों द्वारा अनियमितता किये जाने के कारण बारह शासकीय उचित मूल्य दुकानों को निरस्त कर दिया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>